प्रेस की सूचनार्थ नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 59 / 2018)

<u>तत्काल विज्ञप्ति हेतु</u>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
(भादूविप्रा)

विषय : विभिन्न लाइसेंस सेवा क्षेत्रों (एलएसए) के लिए विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के कवरेज मानचित्र को भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना।

नई दिल्ली, 31 मई, 2018 : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण(भादूविप्रा) अधिनियम, 1997 के अनुसार पारदर्शिता तथा उपभोक्ता संरक्षण, भादूविप्रा का महत्वपूर्ण अधिदेश है। भादूविप्रा के ध्यान में लाया गया है कि उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी यथा प्रशुल्क प्लान, नेटवर्क कवरेज आदि के अभाव में सेवा प्रदाता का चयन करने में जानकारीप्रद निर्णय लेने हेतु समस्या का सामना करना पड़ता है। भादूविप्रा ने पहले ही प्रशुल्क पोर्टल उपलब्ध कराया है। जहां तक नेटवर्क कवरेज का संबंध है, वर्तमान में, कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) अपनी वेबसाइट पर अपने नेटवर्क की कवरेज का मानचित्र उपलब्ध कराते हैं। लेकिन, उनके विभिन्न माप एवं सिग्नल स्तर के कारण, उन्हें तुलना करना कठिन होता है। अतः भादूविप्रा ने कवरेज मानचित्र पोर्टल की परिकल्पना की। भादूविप्रा ने आज पोर्टल के बीटा संस्करण नामतः www.coveragemap.trai.gov.in को जारी किया है।

यह वेब आधारित पोर्टल सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के संबंधित एलएसए के नेटवर्क कवरेज की रूपरेखा उपलब्ध कराएगा।

इस इन्ट्रक्टिव उपयोगकर्ता अनुकूल पोर्टल पर उपयोगकर्ता विभिन्न विकल्पों यथा अवस्थिति, घर के भीतर/ बाहर, टीएसपी, प्रौद्योगिकी (2जी/ 3जी/ 4जी– वोल्टे), वॉयस/ डॉटा का चयन कर पाएगा तथा अपनी रूचि के स्थान पर किसी विशिष्ट दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कवरेज के बारे में जाना जा सकेगा। साथ ही, उपयोगकर्ता कवरेज तथा सिग्नल की मजबूती अथवा बिना कवरेज के क्षेत्र के आधार पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की तुलना करने में सक्षम हो पाएगा।

इस पोर्टल को विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए कवरेज के डॉटा के आधार पर विकसित किया गया है। पोर्टल पर इन मानचित्रों को टीएसपी से प्राप्त कवरेज डॉटा का उपयोग कर नियमित आधार पर अद्यतन किया जाता है।

भादूविप्रा ने इस पोर्टल को चालू करने के लिए भारत सरकार के अग्रणी अनुसंधान और विकास केन्द्र, सीडॉट (सेंटर फॉर डेवलेपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स) के साथ सहयोग किया है ताकि अत्याधुनिक तथा लागत प्रभावी स्वदेशी समग्र दूरसंचार सॉल्युशन विकसित किया जा सके।

यह पोर्टल न केवल उपभोक्ताओं के लिए लाभप्रद होगा बल्कि अन्य हितधारकों को तुलनात्मक विश्लेषण करने में भी मदद करेगा।

उपभोक्ताओं तथा अन्य हितधारकों से इस पोर्टल के कार्यकरण के संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, भादूविप्रा केवल दो एलएसए अर्थात् दिल्ली तथा मध्य प्रदेश सेवा क्षेत्रों के कवरेज मानचित्रों के साथ प्रायोगिक तौर पर इस पोर्टल को प्रारंभ किया जा रहा है।

इस पोर्टल पर 50 मीटर के रेजोल्यूशन से नेटवर्क को देखा जा सकता है तथा किन्ही दो टीएसपी के मोबाईल नेटवर्कों द्वारा दिये जा रहे कवरेज की एक साथ तुलना कर पाना भी संभव है। प्रयोगिक संस्करण के दौरान, पोर्टल को एक साथ 50 उपयोगकर्ताओं द्वारा उपयोग करने की अनुमति होगी। यदि 50 से अधिक कनकरेन्ट उपयोगकर्ता होंगे तो उन्हें कुछ समय के लिए हो सकता है कि एक्सेस न मिले । ऐसे समय पर पोर्टल/ वेबसाइट को कुछ समय पश्चात् प्रयास करने का अनुरोध किये जाने का संदेश प्राप्त होगा।

उपभोक्ताओं तथा अन्य हितधारकों से इस कवरेज मानचित्र पोर्टल के "प्रतिक्रिया" (फीडबेक) विकल्प पर क्लिक कर अपनी प्रतिक्रिया उपलब्ध करा सकते है ताकि इसे अधिक उपभोक्ता उपयोगी बनाया जा सके ।

किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए **श्री संजीव बांझल** (आईटी एंड सीए), भादूविप्रा से दूरभाष नम्बर **011–23210990** अथवा ई– मेल आई डी **advisorit@trai.gov.in** पर संपर्क किया जा सकता है।

(सुनील कुमार गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा